दैनिक भास्कर 20/11/2024

विद्यार्थियों को कानूनी सेवा योजना के बारे में दी जानकारी

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, कैंट के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा कॉलेज में दिव्यांग बच्चों के लिए कानूनी सेवाएं, 2021 पर एक व्याख्यान किया गया। जिसमें 50 छात्रों ने भाग लिया और कानूनी सेवाओं से संबंधित उपयोगी जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने सत्र में छात्रों को नालसा योजना के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध कानूनी अधिकारों और सेवाओं के बारे में जागरूक किया। व्याख्यान में योजना की महत्वपूर्ण धाराओं और व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष जोर दिया। छात्रों ने कार्यक्रम को एक मूल्यवान शैक्षणिक अवसर बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. जस्मिता हांडा ने किया। मौके पर प्रो. रीतिका मौजूद रही।